**Ministry of Home Affairs-Major Achievements, significant Development and important events for the month of September, 2024.**

Hon'ble Union Home Minister presided over the signing of historic Memorandum of Settlement (MOS) on 04.09.2024 amongst Government of India, Government of Tripura and representatives of National Liberation Front of Tripura (NLFT) and All Tripura Tiger Force (ATTF) groups ending a 35 year long conflict in the State of Tripura. With the signing of this historic agreement, a total of 584 cadres of NLFT & ATTF laid down their arms for joining the mainstream 'in presence of Hon'ble Chief Minister of Tripura during a surrender ceremony held on 24.9.2024 in West Tripura. A Special Development Package of Rs. 250 crore will be given by Central Government over a period of four years for overall development of tribal population of Tripura.

2. On 20.09.2024, a meeting was chaired by Union Home Minister with DGPs of Andhra Pradesh, Madhya Pradesh, Maharashtra, Odisha & Telangana and officials of MHA, to review the preparation of Action Plan to Counter migration of CPI (Maoist) cadres from Chhattisgarh to neighbouring States.

3. On 12.09.2024, Union Home Secretary chaired a review meeting with M/o Rural Development, M/o Tribal Affairs, M/o Jai Shakti, M/o Health & Family Welfare, Deptt. of Telecommunication, Deptt. of Post, National Health Authority (NHA), UIDAI to review the progress of various schemes/items related to development initiatives and issues related to individual beneficiary-oriented schemes in LWE affected areas of Chhattisgarh.

4. On 13.9.2024, Union Home Secretary chaired a meeting to review the status of implementation of Bodo Accord (2020).

5. On 17.09.2024, a review meeting was held with the M/o Rural Development, M/o Road Transport & Highways, BRO and Government of Chhattisgarh to review the construction of roads in LWE affected areas of Chhattisgarh.

6. Meeting with H.E. Ms. Lindy Cameron, British High Commissioner was held on 19.09.2024 by me wherein the matters of mutual concern such as Illegal Migration, PKE, Extradition, Mutual Legal Assistance etc., were discussed.

7. On 25.09.2024, Union Home Secretary chaired a review meeting with the M/o Health & Family Welfare, M/o Steel, NMDC Limited and Government of Chhattisgarh officials to review of progress of Super Specialty Hospital in Government Medical College, Jagdalpur, Chhattisgarh.

8. High Powered Committee (HPC) meeting was held under the chairmanship of Additional Secretary concerned on 17.09.2024 to consider the Action Plan 2024-25 under the Scheme of Assistance to States & UTS for Modernization of Police (ASUMP) in respect of 6 states namely Haryana, Himachal Pradesh, Maharashtra, Tamil Nadu, Jharkhand and Meghalaya and UT of Puducherry.

9. Additional Secretary concerned chaired meetings on 02.09.2024, 09.09.2024, 17.09.2024 and 23.09.2024 to review the security situation of Manipur.

10. Ceasefire agreement with NSCN (K) Niki group has been extended for a further period of one-year w.e.f. 08.09.2024 to 07.09.2025.

11. A total of 515 Global Entry Programme (GEP) applications were cleared and sent to MEA under the GEP Module.

12. A total of 28,479 OCI Cards have been issued, including 515 spouse based cases.

13. A Comprehensive list containing names of 366 Pakistani Prisoners and 86 Pak Fishermen, lodged in Indian Jails, has been prepared and shared with the Pakistan High Commission on 01st July, 2024. Besides, 09 Pakistani Prisoners along with 05 Pakistani fishermen have been repatriated to Pakistan.

14. 145 LTV applications of Pak national have been granted by this Ministry in the month of September, 2024.

15. 51 PRC Cases and 1262 PRC cases were cleared in respect of Bangladesh and Pakistan respectively.

16. On 06.09.2024, a meeting was held under the chairmanship of AS concerned with representatives of Home Department and Nodal Officers (LWE matter) of Andhra Pradesh, Bihar and Kerala to finalize Annual Work Plan (AWP) for 2024-25.

17. On 12.09.2024, an amount of Rs. 38.29 crore was released to Indian Air Force under Assistance to Central Agencies for LWE management (ACALWEM) Scheme.

18. On 13.09.2024, Rs. 110 crore has been released to Chhattisgarh under Special Central Assistance (SCA) Scheme.

19. On 23.09.2024, a Project Clearance Committee (PCC) meeting was held under the Chairmanship of AS concerned with the Government of Chhattisgarh to discuss the new proposals and to review the progress of works/items approved under the Special Infrastructure Scheme (SIS).

20. "The Dadra and Nagar Haveli and Daman and Diu Co-operative Societies Regulation, 2024" has been published in Gazette of India (Extraordinary) vide Notification No. 19 dated 30.09.2024.

****

**गृह मंत्रालय-सितंबर, 2024 की प्रमुख उपलब्धियां, महत्वपूर्ण विकास और महत्वपूर्ण घटना क्रम।**

माननीय केंद्रीय गृह मंत्री ने दिनांक 04.09.2024 को भारत सरकार, त्रिपुरा सरकार और नेशनल लिबरेशन फ्रंट ऑफ त्रिपुरा (एन एल एफ टी ) तथा ऑल त्रिपुरा टाइगर फोर्स (ए टी टी एफ ) समूहों के प्रतिनिधियों के बीच ऐतिहासिक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए जाने के कार्यक्रम की अध्यक्षता की, इससे त्रिपुरा राज्य में 35 साल से चल रहा संघर्ष समाप्त हो गया। इस ऐतिहासिक समझौते पर हस्ताक्षर के साथ ही, एन एल एफ टी और ए टी टी एफ के कुल 584 काडरों ने मुख्यधारा में शामिल होने के लिए पश्चिम त्रिपुरा में दिनांक 24.9.2024 को त्रिपुरा के माननीय मुख्यमंत्री की उपस्थिति में आयोजित आत्मसमर्पण कार्यक्रम के दौरान अपने हथियार डाल दिए। त्रिपुरा की जनजातीय आबादी के समग्र विकास के लिए केंद्र सरकार द्वारा चार वर्षों की अवधि में 250 करोड़ रुपये का विशेष विकास पैकेज दिया जाएगा ।

2. दिनांक 20.09.2024 को केंद्रीय गृह मंत्री की अध्यक्षता में आंध्र प्रदेश, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा और तेलंगाना के डीजीपी और गृह मंत्रालय के अधिकारियों के साथ बैठक हुई , जिसमें छत्तीसगढ़ से पड़ोसी राज्यों में सीपीआई (माओवादी) काडरों के प्रवासन की समस्या से निपटने के लिए कार्य योजना की तैयारी की समीक्षा की गई।

3. दिनांक 12.09.2024 को केंद्रीय गृह सचिव ने छत्तीसगढ़ के वामपंथी उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में विकास पहलों से संबंधित विभिन्न योजनाओं/मदों और व्यक्तिगत लाभार्थी-उन्मुख योजनाओं से संबंधित मुद्दों की प्रगति की समीक्षा के लिए ग्रामीण विकास मंत्रालय, जनजातीय कार्य मंत्रालय, जल शक्ति मंत्रालय, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय , दूरसंचार विभाग, डाक विभाग , राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (एनएचए), यूआईडीएआई के साथ समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की।

4. केंद्रीय गृह सचिव ने बोडो समझौते (2020) के कार्यान्वयन की स्थिति की समीक्षा के लिए दिनांक 13.9.2024 को हुई बैठक की अध्यक्षता की ।

5. छत्तीसगढ़ के वामपंथी उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में सड़कों के निर्माण की समीक्षा के लिए ग्रामीण विकास मंत्रालय, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, सीमा सड़क संगठन और छत्तीसगढ़ सरकार के साथ दिनांक 17.09.2024 को समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

6. ब्रिटिश उच्चायुक्त महामहिम सुश्री लिंडी कैमरून के साथ दिनांक 19.09.2024 को बैठक हुई, जिसमें अवैध प्रवास, पीकेई, प्रत्यर्पण, पारस्परिक कानूनी सहायता आदि जैसे आपसी हित के विषयों पर चर्चा की गई।

7. सरकारी मेडिकल कॉलेज, जगदलपुर , छत्तीसगढ़ में सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल की प्रगति की समीक्षा के लिए केंद्रीय गृह सचिव ने स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, इस्पात मंत्रालय, एनएमडीसी लिमिटेड और छत्तीसगढ़ सरकार के अधिकारियों के साथ दिनांक 25.09.2024 को हुई समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की।

8. 6 राज्यों अर्थात् हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, झारखंड और मेघालय तथा पुदुचेरी संघ राज्य क्षेत्र में पुलिस के आधुनिकीकरण के लिए राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों को सहायता योजना (एएसयूएमपी) के अंतर्गत कार्य योजना 2024-25 पर विचार करने के लिए दिनांक 17.09.2024 को संबंधित अपर सचिव की अध्यक्षता में उच्चाधिकार प्राप्त समिति की बैठक आयोजित की गई।

9. मणिपुर की सुरक्षा स्थिति की समीक्षा के लिए संबंधित अपर सचिव ने दिनांक 02.09.2024, 09.09.2024, 17.09.2024 और 23.09.2024 को हुई बैठकों की अध्यक्षता की।

10. एनएससीएन (के) निकी समूह के साथ युद्धविराम समझौते की अवधि को दिनांक 08.09.2024 से एक और वर्ष बढ़ाकर दिनांक 07.09.2025 तक कर दिया गया है।

11. जीईपी मॉड्यूल के अंतर्गत कुल 515 ग्लोबल एंट्री प्रोग्राम (जीईपी) आवेदनों को मंजूरी दी गई और विदेश मंत्रालय को अग्रेषित किया गया।

12. कुल 28,479 ओसीआई कार्ड जारी किए गए हैं, जिनमें 515 मामले जीवनसाथी आधारित हैं।

13. भारतीय जेलों में कैद 366 पाकिस्तानी कैदियों और 86 पाक मछुआरों के नामों की एक व्यापक सूची तैयार की गई है और 01 जुलाई , 2024 को पाकिस्तान उच्चायोग के साथ साझा की गई है। इसके अतिरिक्त , 09 पाकिस्तानी कैदियों और 05 पाकिस्तानी मछुआरों को पाकिस्तान वापस भेज दिया गया है।

14. सितंबर, 2024 में इस मंत्रालय द्वारा पाकिस्तानी नागरिकों के 145 एलटीवी आवेदन स्वीकृत किए गए हैं।

15. बांग्लादेश और पाकिस्तान के संबंध में क्रमशः 51 पीआरसी मामले और 1262 पीआरसी मामले निपटाए गए।

16. वर्ष 2024-25 के लिए वार्षिक कार्य योजना (एडब्ल्यूपी) को अंतिम रूप देने के लिए आंध्र प्रदेश, बिहार और केरल के गृह विभाग के प्रतिनिधियों और नोडल अधिकारियों (एलडब्ल्यूई मामले) के साथ संबंधित अपर सचिव की अध्यक्षता में दिनांक 06.09.2024 को एक बैठक आयोजित की गई।

17. वामपंथी उग्रवाद प्रबंधन हेतु केंद्रीय एजेंसियों को सहायता (एसीएएलडब्ल्यूईएम) योजना के अंतर्गत दिनांक 12.09.2024 को भारतीय वायु सेना को 38.29 करोड़ रुपए की राशि जारी की गई।

18. विशेष केन्द्रीय सहायता (एससीए) योजना के अंतर्गत दिनांक 13.09.2024 को छत्तीसगढ़ को 110 करोड़ रुपए जारी किए गए हैं।

19. संबंधित अपर सचिव की अध्यक्षता में छत्तीसगढ़ सरकार के साथ दिनांक 23.09.2024 को परियोजना मंजूरी समिति (पीसीसी) की बैठक आयोजित की गई, जिसमें नए प्रस्तावों पर चर्चा की गई तथा विशेष अवसंरचना योजना (एसआईएस) के अंतर्गत स्वीकृत कार्यों/मदों की प्रगति की समीक्षा की गई।

20. भारत के राजपत्र (असाधारण) में अधिसूचना संख्या 19, दिनांक 30.09.2024 के तहत "दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव सहकारी समिति विनियम, 2024" प्रकाशित किया गया है।

****